
हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 9 मई 2026
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना के घायलों को मिल रही पीएम राहत योजना की सुविधा



**रायगढ़।** भारत सरकार की पीएम.राहत प्रधानमंत्री रोड एक्सीडेंट विक्टिम हॉस्पिटलाइजेशन एण्ड एस्योर्ड ट्रीटमेंट योजना का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर के दौरान त्वरित एवं कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति 1 लाख 50 हजार तक कैशलेस उपचार जिले के पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। दुर्घटना के बाद शुरुआती समय में तत्काल उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा हैए जिससे गंभीर घायलों की जान बचाई जा सके। जिले में पीएम.राहत योजना का शुभारंभ किया जा चुका है तथा योजना के सफल संचालन के लिए जिले के कुल 57 शासकीय एवं 20 निजी अस्पतालों को शामिल किया गया है।

### धरमजयगढ़ बीजेपी मंडल की बैठक, प्रभारी का स्वागत



**रायगढ़।** जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी मंडल धरमजयगढ़ का एकदिवसीय बैठक संपन्न हुआ । जिला भाजपा जिला द्वारा नियुक्त मंडल प्रभारी ग्रुप में सुनील सिंह ठाकुर की प्रथम धर्मजयगढ़ आगमन पर स्वागत किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने फूल माला से नए मंडल प्रभारी का स्वागत किया गया। बैठक की शुरुवात दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात करणीय कार्य के लिए बिंदुवार चर्चा किया गया। बैठक में आगामी दिनों में प्रत्येक शक्ति केन्द्रों तथा बूथों में भाजपा की बैठक के संबंध में विस्तार से चर्चा हुआ। आने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए भी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि बूथ में जाकर मन की बात की कार्यक्रम सुनने का कार्यक्रम तय हुआ। भाजपा ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपा गया उसे पूरा करने का संभव प्रयास करूंगा।

### टैगोर शिशु निकेतन का परीक्षा परिणाम शानदार, विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान

**बिलाईगढ़।** टेगोर शिशु निकेतन बिलाईगढ़ के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 5 एवं कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य की कामना किया। कक्षा 5 में पिहु देवांगन ने 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पृतिका कहार ने 95 प्रतिशत एवं परिधि राकेश ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा जय देवांगन 91 प्रतिशत राघव साहू 90 प्रतिशतए निधि देवांगन एवं दिव्या कुमारी ने 87.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार कक्षा 8 के परीक्षा परिणाम में रोली देवांगन ने 88.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। मनीष कुमार ने 86.83 प्रतिशतए अमर पटेल ने 86.50 प्रतिशत तथा सत्यप्रकाश देवांगन ने 85.68 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार सफलता हासिल की।

### दामाद ने सास को लाठी से वार कर किया घायल,अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** दामाद को समझाना सास को उस समय महंगा पड़ गया जब दामाद ने लाठी से किया वार कर घायल कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम मानपुर लाइनपारा निवासी सुनी बाई पति सोमर साय (60 वर्ष) बुधवार रात 10 बजे मंगारी निवासी दामाद भागवत आ. धरम देव द्वारा लाठी से सिर पर वार कर फरार हो गया। महिला सुनी बाई ने बताया कि तीन बेटियों में से सबसे छोटी बेटी संतोषी सिंह का विवाह मंगारी निवासी भागवत से हुआ है।

## कुनकुरी में सड़क सुरक्षा को लेकर निकली हेलमेट रैली

# सुरक्षित लौटना भी हर नागरिक की जिम्मेदारीः कौशल्या साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों और उनमें हो रही मौतों को लेकर अब पुलिस और प्रशासन ने जनजागरण को सबसे बड़ा हथियार बना लिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह कुनकुरी में विशाल हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हजारों लोगों की मौजूदगी में निकली इस रैली ने पूरे शहर को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

सुबह 8 बजे खेल मैदान से शुरू हुई रैली गड़ाकटा, बस स्टैंड, डुगडुगिया, जशपुर रोड और सलियाटोली तक पहुंची। पूरे मार्ग में "हेलमेट पहनें-जीवन बचाएं" और "सीट बेल्ट आपकी सुरक्षा कवच" जैसे संदेशों के जरिए लोगों को जागरूक किया गया। रैली में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग, समाजसेवी, व्यापारी, जनप्रतिनिधि, युवा और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।






**सामाजिक चिंता का विषयः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती कौशल्या साय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं आज केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक चिंता का विषय बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही किसी परिवार की जिंदगी बदल सकती है। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने लगे तो दुर्घटनाओं में स्वतः कमी आ सकती है।उन्होंने युवाओं को विशेष संदेश देते हुए कहा कि तेज रफ्तार, स्टंटबाजी और बिना हेलमेट वाहन चलाना बहादुरी नहीं बल्कि खतरनाक लापरवाही है। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरण दुर्घटना के समय जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने की सामूहिक शपथ भी दिलाई।

**जीवन सुरक्षा के सबसे महत्वपूर्ण साधनः** कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि अधिकांश लोग यह सोचकर नियमों की अनदेखी करते हैं कि अब तक उनके साथ कोई हादसा नहीं हुआ है, जबकि दुर्घटनाएं कभी भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जीवन सुरक्षा के सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं। उन्होंने लोगों से वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, शराब सेवन के बाद ड्राइविंग से बचने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की।

**बरतें सावधानीः** कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी राजीव नंदे ने भी सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि थोड़ी सी सावधानी कई परिवारों को बिखरने से बचा सकती है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट को दैनिक आदत बनाने की अपील की।

**लोगों को जागरूक किया जाएगाः** रैली के दौरान लोगों ने जागरूकता वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी सड़क सुरक्षा का संदेश प्रसारित किया। पुलिस और प्रशासन ने संकेत दिए कि जिले में आगे भी लगातार इस प्रकार के अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

**इनकी रही उपस्थितिः** कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार ने किया। इस अवसर पर एसडीएम नंदजी पांडेय, एसडीओपी विनोद मंडावी, डीएसपी कुंजराम चौहान, जिला परिवहन अधिकारी विजय निकुंज सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।



## जंगल के रास्ते भागे गौ तस्कर टाटा सुमो से 5 गौवंश छुड़ाए

**जशपुरनगर।** जिले में गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टाटा सुमो में बेरहमी से भरकर ले जाए जा रहे 5 गौवंशों को सकुशल मुक्त कराया है। पुलिस की घेराबंदी देख तस्कर वाहन छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गए। वहीं, गौ तस्करी के एक पुराने मामले में महीनों से फरार चल रहे आरोपी महबूब शाह उर्फ हगन महबूब उर्फ लकड़ बाबा को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



- जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद जारी
- पुराने मामले का फरार आरोपी भी गिरफ्तार

जिले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में चल रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत गौ तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जिले में गौ तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे लोदाम पुलिस को सूचना मिली थी कि एक टाटा सुमो गोल्ड वाहन में पीछे की सीटें निकालकर गौवंशों को ठूंस-ठूंसकर भरा गया है और उसे झारखंड की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने आरटीओ बैरियर पर नाकेबंदी कर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान जशपुर की ओर से आ रही संदिग्ध टाटा सुमो क्रमांक सीजी- 07-एएन-1089 को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को तेज रफ्तार से भगाने लगा। इसके बाद पुलिस टीम ने पीछा शुरू किया। कुछ दूरी पर ग्राम पीड़ी मार्ग स्थित झाबू नदी पुल के पास तस्कर वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। पुलिस जब वाहन तक पहुंची तो अंदर का नजारा देखकर टीम भी हैरान रह गई। वाहन की पीछे की सीटें निकाल दी गई थीं और उसमें 5 गौवंशों को बेरहमी से ठूंसकर भरा गया था। पुलिस ने तत्काल सभी गौवंशों को बाहर निकालकर सुरक्षित किया और पशु चिकित्सक से उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मामले में थाना लोदाम में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1961 की धारा 11(1)(क)(घ) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकासखंड फरसाबहार में सुशासन शिविर बनगांव में लगाया गया जिसमें शिक्षा विभाग का इस वर्ष सत्र 2025- 26 में विकासखंड का 10 वीं 12 वीं एवं केंद्रीयकृत परीक्षा पांचवी एवं आठवीं का रिजल्ट बेहतरीन रहा। बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में विकासखंड का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.45 प्रतिशत रहा इसके साथ ही कक्षा दसवीं में ही 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 106 रही है एवं इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में भी विकासखंड का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.61 प्रतिशत रहा है और इसमें भी 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 49 रही है।

केंद्रीयकृत परीक्षा कक्षा पांचवी और आठवीं के परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहे हैं कक्षा पांचवी में कुल 1731 छात्रों में से 1726 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से सभी छात्र उत्तीर्ण हुए इसी प्रकार कक्षा आठवीं में भी 1794 छात्रों में 1762 ने परीक्षा दिया जिसमें सभी छात्र उत्तीर्ण रहे इस प्रकार कक्षा पांचवी और आठवीं में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी सत प्रतिशत उत्तीर्ण रहे कुल मिलाकर विकासखंड का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है।

### संकुल स्तर पर छात्र पुरस्कृत

बनगांव शिविर के दौरान प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी शिक्षा विभाग द्वारा केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवी एवं आठवीं में संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही विकासखंड फरसाबहार कक्षा दसवीं एवं 12वीं के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।बनगांव शिविर अंतर्गत 9 संकुल शामिल हुए जिसमें 7 हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल आते हैं जिनमें से कुल 35 छात्र छात्राओं को उच्चतम अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

## किलकिला में ग्रामीणों को मिला तत्काल लाभ

**पत्थलगांव।** मुख्यमंत्री के गृह जिले में सुशासन शिविर के तहत किलकिला मंदिर में सुबह 7 बजे जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी अधिकारी महिला समूह के द्वारा मंदिर के मुख्य पुजारी के साथ मंदिर परिसर एवं गौशाला की साफ सफाई की गई। सद्भावना क्रिकेट मैच खेला गया। किलकिला महिला स्व सहायता समूह व पत्थलगांव महिला स्व सहायता समूह के 5 - 5 ओवर के मैच में किलकिला समूह ने 33 रन एवं पत्थलगांव ने 42 रन बनाया। पत्थलगांव महिला समूह विजय रही। 10 बजे से सुशासन शिविर पंजीयन शाखा में आवेदन लेना शुरू किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं की जानकारी मौजूद लोगों को दी गई। सभी विभागीय अधिकारी द्वारा योजना का विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंतर व्यवसाय के



अध्यक्ष सुरेंद्र बेसारा जिला पंचायत सदस्य सुरुचि पैकरा जनपद अध्यक्ष धनियारो परहा उपाध्यक्ष फिलिस फिना एक्का सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन पैकरा एवं 18 ग्राम पंचायत के सरपंच समेत एसडीएम ऋतुराज बिसेन, जनपद सीईओ केजे श्रीवास ,तहसीलदार भीष्म पटेल, एसडीओ आरएएस एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी ग्राम सचिव उपस्थित रहे। शिविर मे कुल 995 आवेदन प्राप्त हुए। सुशासन शिविर से ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है।

### नगर में आज लगेगा शिविर

मुख्यमंत्री 9 मई को नगर पालिका परिषद पत्थलगांव के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक शिविर आयोजित किया जाएगा। नागरिक अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन लिखित रूप में शिविर में प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निवास क्षेत्र के संबंधित शिविर में उपस्थित होकर आवेदन दें, ताकि समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर रोहित व्यास ने सुशासन तिहार के सुचारू संचालन के लिए नोडल एवं विभागीय अधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। यह पहल प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाने तथा समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनेगी।

## पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में विभिन्न संकायों में प्रवेश, कार्यक्रम का आयोजन

**घरघोड़ा।** स्थानीय पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल घरघोड़ा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा यूकेजी से लेकर कक्षा 12वीं तक विभिन्न संकायों में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में पारदर्शिता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया जिससे अभिभावकों में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष अधिकांश कक्षाओं में प्राप्त आवेदन रिक्त सीटों से कम रहे जिसके चलते सीधे प्रवेश प्रदान किया गया। हालांकि कक्षा 5वीं में सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर तीन अतिरिक्त अभ्यर्थियों के लिए लॉटरी प्रणाली के माध्यम से निष्पक्ष चयन किया गया। यह प्रक्रिया पूरी



तरह पारदर्शी तरीके से अधिकारियों एवं पालकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित तहसीलदार पैंकरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सहनू पैंकरा, खंड शिक्षा अधिकारी तथा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष शिशु विजय सिन्हा एवं रंजीत कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

## कुनकुरी नगर में लगा 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज

**जशपुरनगर।** कुनकुरी नगर में गर्व और देशभक्ति की नई ऊंचाई छूते हुए 100 फीट ऊंचा विशाल राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) नगर के तालाब के सामने स्थापित कर दिया गया है। यह गौरवशाली कार्य नगर पंचायत के अध्यक्ष और कांग्रेस पार्टी के युवा नेता विनयशील के अथक प्रयासों, नेतृत्व और देशभक्ति सोंच के बदौलत संभव हो सका है। विनयशील के चुनाव जीतकर आने के पूर्व कुनकुरी नगर पंचायत में मात्र 15 करोड़ रुपये के कार्य हुए। शहर में कोई कार्य दिखाई नहीं पड़ता था। जिस तालाब में तिरंगा झंडा लगाया गया है उसका कार्य भी तब तक अधूरा था जब तक विनयशील ने पदभार नहीं संभाला था। मुख्यमंत्री की विधानसभा के एकलौते नगर पंचायत कुनकुरी का चुनाव जीतकर आने के बाद से



विनयशील ने कार्य की प्राथमिकताएं बदली। तालाब में बड़े पेड़ और फूलों के पौधे लगाए और अब तालाब के सामने सर्व धर्म सम्भाव का प्रतीक चिन्ह तिरंगा झंडा स्थापित करवा दिया।

## रायगढ़ का पर्यटन स्थल बनेगा पहाड़ मंदिर, स्थापित होगी 51 फीट ऊंची कांस्य हनुमान की प्रतिमा

**रायगढ़।** रायगढ़ शहर के ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र गजमार पहाड़ मंदिर भव्य पर्यटन स्थल बनेगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने यहां प्रस्तावित 51 फीट ऊंची भव्य कांस्य बजरंगबली प्रतिमा स्थापना के लिए विधिवत भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि.विधान के साथ संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोषों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा भक्तिमय वातावरण बना रहा।

- वित्त मंत्री ने किया भूमिपूजन, वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ संपन्न

पूजा.अर्चना के पश्चात विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ केवल औद्योगिक और सांस्कृतिक पहचान तक सीमित नहीं रहेगाए बल्कि आने वाले समय में धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि गजमार पहाड़ पर स्थापित होने जा रही 51 फीट ऊंची कांस्य बजरंगबली प्रतिमा रायगढ़ के लिए गौरव का विषय होगी। लगभग 10 टन वजनी यह प्रतिमा जनसहयोग से निर्मित की जाएगी जो शहरवासियों की आस्था और सहभागिता का प्रतीक बनेगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि पहाड़ मंदिर पहले से ही श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। अब भव्य प्रतिमा स्थापना के बाद यह स्थल प्रदेश के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों में शामिल होगा। इससे न केवल धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगाए बल्कि स्थानीय स्तर पर पर्यटनए रोजगार और छोटे व्यापारों को भी नई गति मिलेगी। धार्मिक स्थलों का विकास केवल आस्था से जुड़ा विषय नहीं हैए बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करता है। उन्होंने इस कार्य में सहयोग देने वाले सभी नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग से बनने वाली यह प्रतिमा समाज की सामूहिक शक्ति और श्रद्धा का प्रतीक होगी।

## अभिनेता के रुप में कॅरियर की शुरुआत, अब रायगढ़ के स्वप्निल लिख रहे फिल्मों में कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारतीय फिल्म थिएटर और स्वतंत्र सिनेमा की दुनिया में क्रेजीमून मुविंग पिक्चर एक नए और मजबूत क्रिएटिव प्लेटफॉर्म के रूप में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। यह प्रोडक्शन हाउस उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो-विजुअल कंटेंट, शॉर्ट फिल्म्स, इंडिपेंडेंट सिनेमा और एक्सपेरिमेंटल स्टोरीटेलिंग पर काम करता है, जहां हर कहानी को वास्तविक मानवीय अनुभवों और भावनाओं से जोड़कर पेश किया जाता है।



- कहानी को जोड़ रहे हैं वास्तविक मानवीय अनुभवों और भावनाओं से
- एनएसडी ग्रेजुएट स्वप्निल रायगढ़ में पले-बढ़े, अब सिनेमा जगत में बना रहे पहचान

इस क्रिएटिव विज़न के केंद्र में रायगढ़ निवासी स्वप्निल कोत्रीवार हैं जो नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) के ग्रेजुएट हैं। स्वप्निल ने अपने करियर की शुरुआत एक अभिनेता के रूप में की थी और पान सिंह तोमर, कोर्ट मारटियल और रक्त चरित्र जैसी चर्चित फिल्मों और नाटकों में काम करके इंडस्ट्री की गहरी समझ हासिल की। आज वे लेखक और निर्देशक के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। हाल ही में स्वप्निल द्वारा निर्देशित 33 मिनट की शॉर्ट फिल्म मछली जल की दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। फिल्म में सोहम मजुमदार, प्रशंसा शर्मा और उज्वल चोपड़ा मुख्य भूमिकाओं में नजर आते हैं। यह फिल्म जर पिक्चर के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है और अपनी सरल लेकिन प्रभावशाली कहानी और दमदार परफॉर्मेंस के लिए सराही जा रही है। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे देखना जरूरी माना जा रहा है। कई प्रसिद्ध कलाकारों जैसे पंकज त्रिपाठी, राजेश तेलंग और कपिल शर्मा ने भी इसे अपने सोशल मीडिया पर पसंद किया है और प्रमोट किया है। फिल्म की कहानी एक गरीब कार साफ़ करने वाले व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है जिसे अचानक एक गोल्डन क्रेडिट कार्ड मिल जाता है। कार्ड हाथ में आते ही उसके भीतर छुपा लालच और एक अनजान जानवर जाग उठता है। उसे लगने लगता है कि अब दुनिया की कोई भी चीज़ उसकी पहुँच से बाहर नहीं है, लेकिन जब वह यह बात अपने परिवार को बताता है, तो जहाँ बच्चे सपनों और इच्छाओं में खो जाते हैं वहीं उसकी पत्नी उसे सही और गलत का फर्क समझाते हुए परिवार की सुरक्षा की चिंता जताती है। कहानी इंसान के लालच, नैतिकता और परिवार की जिम्मेदारी के बीच के संघर्ष को बेहद संवेदनशील तरीके से सामने लाती है। क्रेजी मुविंग पिक्चर की खासियत सिर्फ कहानियाँ बनाना नहीं, बल्कि उन्हें गहराई, भावनात्मक जुड़ाव और सिनेमाई समृद्धि के साथ प्रस्तुत करना है। यह भारतीय स्वतंत्र सिनेमा और डिजिटल स्टोरीटेलिंग में एक नई पहचान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## बूथ स्तर पर पार्टी की नीतियों को घर घर पहुंचाना हमारा दायित्व : सुनील



**रायगढ़।** बूथ स्तर कर पार्टी की रीति नीति को घर घर पहुंचाने हेतु मंडल के कार्यकताओं को दायित्व बताते हुए मंडल प्रभारी सुनील ठाकुर ने कहा जैसे परीक्षा में सफल वही होता है जो वर्ष भर तैयारी में जुटा होता है। उसी तरह पार्टी की सफलता के लिए कार्यकताओं को अपना दायित्व परिश्रम के साथ निभाना चाहिए।

मंडल प्रभारी सुनील ठाकुर ने कहा जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान के मार्गदर्शन पर भारतीय जनता पार्टी मंडल धर्मजयगढ़ का एकदिवसीय बैठक की जा रही है। जिला भाजपा द्वारा मंडल प्रभारी का दायित्व दिए जाने के बाद भाजपा नेता सुनील सिंह ठाकुर का धरमजयगढ़ प्रथम प्रवास था। सभी कार्यकर्ताओं ने नए मंडल प्रभारी का फूल मालाओं से भावभीना स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ आयोजन का शुभारंभ किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। प्रत्येक शक्ति केन्द्रों के साथ बूथों में भाजपा की बैठक लिए जाने के संबंध में विस्तार से बताया गया। प्रधान मंत्री मोदी जी के हर माह प्रथम रविवार को होने वाले प्रभावी आयोजन मन की बात के संबंध में भी कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई। हर बूथ में मन की बात के आयोजन के किस तरह से स्थानीय लोगों को जोड़कर सुना जाए यह चर्चा की गई। वक्ता और धर्मजयगढ़ प्रभारी सुनील ठाकुर ने ऊर्जावान जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान और कार्य करणी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा पार्टी ने जिस विश्वास के साथ सभी लोगों को दायित्व सौंपा गया उसे निष्ठा के साथ पूरा करे। मंडल प्रभारी न कहा पश्चिम बंगाल की प्रभावी जीत का जिक्र करते हुए कहा दो विधायकों से पूर्ण बहुमत का सफर बूथ स्तर पर मजबूती से काम करके हासिल किया गया है।

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 9 मई 2026

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

4 सामूहिक विवाह सादगी और दहेज प्रथा के खिलाफ है सशक्त संदेश : ओपी





## खबर संक्षेप



### आईएएस पद्मिनी भोई साहू ने किया पदभार ग्रहण

**सारंगढ़।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच की आईएएस पद्मिनी भोई साहू ने गुरुवार को कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ का पदभार ग्रहण की और वित्तीय प्रभार से जुड़े रजिस्टर में हस्ताक्षर की। वे इसके पूर्व संचालक कोष एवं लेखाए संचालक पेंशन एवं पंजीयकए फर्म एवं संस्थाएं के पद पर कार्यरत थीं। इस दौरान जिले के अधिकारीगण, सीईओ जिला पंचायत, डिप्टी कलेक्टर आदि उपस्थित थे।

### वित्तमंत्री से जनपद सदस्य ने की सड़क की मांग



**कोसीर।** सारंगढ़ जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 07 के सदस्य हेमा विश्वनाथ बसंत ने अपने जनपद क्षेत्र की समस्याओं को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिख कर अवगत कराते हुए प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य के लिए आग्रह करते हुए स्वीकृति की मांग की है। जिसमें अपने जनपद क्षेत्र के ग्राम सिलयारी से डंगनिया गांव तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण वही। खराब प्रधानमंत्री सड़क की जीर्णोद्धार के लिए भी अवगत कराए हैं जिसमें जसराए बरभट्ठा एबड़े गांतुली में रोड से बाई पास से होते हुए जशपुर मेन को जोड़ती है जो बहुत पहले बनी थी जिसका अब जीर्णोद्धार की जरूरत है । बताते हुए वित्तमन्त्री से स्वीकृति के लिए आवेदन दिया गया। ग्रामीणों की परेशानियों को अवगत कराते हुए अपने आवेदन में निर्माण की स्वीकृति के लिए निवेदन किया गया है।

### अवैध शराब पर पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़।** पुलिस ने अलग.अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 100 लीटर से अधिक अवैध महुआ शराब जब्त की है। इस दौरान महिला समेत कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कोतरारोड़ थाना क्षेत्र के ग्राम नंदेली में पुलिस ने सकुन्तला सारथी के घर दबिश देकर 70 लीटर महुआ शराब बरामद की। वहीं जोबी चौकी क्षेत्र के ग्राम बर्रा में रतन सिंह राठिया को शराब बनाते और बेचते पकड़ा गया। उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने का सामान मिला। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने रामभांठा क्षेत्र में नीरज टोप्पो उर्फ धोंदो को 6 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी कार्रवाई करते हुए कई स्थानों से अवैध शराब जब्त की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर रिमांड पर भेज दिया है।

### बोर्ड के सभी पारिश्रमिक कार्यों से किया तीन से 6 साल के लिए प्रतिबंधित

# बोर्ड के बच्चों का रिजल्ट खराब करने वाले जिले के 4 शिक्षकों को माशिमं ने किया ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




बोर्ड के बच्चों का परिणाम खराब करने वाले जिले के चार शिक्षकों को माशिमं की ओर से ब्लैक लिस्टेट कर दिया गया है। इनकी गलती की वजह से बच्चों को परेशानी तो हुई, लेकिन बोर्ड की छवि भी धूमिल हो गई। इनके द्वारा जांच की गई कॉपी में 20-40 नंबर रि-वेल्यूशन और रि-चेकिंग में बढ़ी है। इससे नाराज माशिमं ने इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए किसी को 3 तो किसी को 6 साल के लिए बोर्ड के सभी पारिश्रमिक कार्यों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

ऐसा नहीं कि केवल प्रतिबंध लगाया है, एक-एक वेतन वृदिध रोकने की अनुशंसा भी की गई है। ऐसे मामलों को माशिमं काफी गंभीरता से लेता है। यह मामला बीते 2025 का है जब प्रदेश के करीब 36 सेंटरों में माशिमं की ओर से बोर्ड की कॉपी जांच कराई थी। यहां शिक्षकों की लापरवाही करने का खामियाजा परीक्षार्थियों को भुगतना पड़ा। खास बात तो यह है कि इसमें दो शिक्षक तो ऐसे हैं जो एक ही स्कूल में पढ़ाते हैं। इसमें पांच शिक्षक पड़ोसी जिले सारंगढ़ के भी शामिल हैं जिन पर बैन लगाई गई है।

बीते 2025 में माशिमं की ओर से आयोजित बोर्ड परीक्षा के बाद अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की प्रदेश के 36 तो रायगढ़ जिले के दो सेंटर जूटमिल और पुत्री शाला में जांच कराई गई थी। उस वक्त कुछ शिक्षकों ने इस कदर लापरवाही बरती कि उसका खामियाजा परीक्षार्थियों को भुगतना पड़ा। कारण शिक्षकों की लापरवाही से उनके नंबर कम हो गए। बाद में जब किसी बच्चे ने रि-वेल्यूशन तो किसी ने रि-चेकिंग कराई, इन शिक्षकों द्वारा जांच की गई किसी कॉपी में 20 तो किसी में 40 नंबर तक बढ़े। बोर्ड ने इसे गंभीर लापरवाही माना और बीते 17 अप्रैल को हुई बोर्ड की बैठक में इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की अनुशंसा की गई। किसी को तीन साल तो किसी को 6 साल के लिए बोर्ड के सभी पारिश्रमिक कार्यों से बैन कर दिया गया है। केवल बैन ही नहीं लगाया बल्कि उनकी एक-एक वेतन वृद्धि रोकने की अनुशंसा भी की गई है।

#### तीन श्रेणी में होती है कार्रवाई

बोर्ड की कॉपी जांचने में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ तीन श्रेणियों में कार्रवाई होती है। इसमें श्रेणी एक, दो और तीन । तीनों श्रेणियों में अलग-अलग तरह की कार्रवाई शामिल है। जिले के चार शिक्षकों में तीन के खिलाफ जहां श्रेणी एक के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं एक शिक्षक के खिलाफ श्रेणी तीन के तहत कार्रवाई की गई है। श्रेणी तीन में 6 साल के लिए बैन किया जाता है।

#### इन स्कूलों के शिक्षकों पर लगा प्रतिबंध

बीते 2025 में तीन सौ से अधिक शिक्षकों ने जिले के दो जांच सेंटर जूटमिल स्कूल और पुत्री शाला में वेल्यूशन किया था। इनमें से चार शिक्षकों की लापरवाही सामने आई है। इसमें दो शिक्षक तो पुसौर ब्लॉक के गढ़उमरिया के हैं। वहीं एक शिक्षक रायगढ़ ब्लॉक के कोतरलिया तो एक शिक्षक झगरपुर लैलूंगा ब्लॉक के शामिल हैं। इसी तरह सारंगढ़ में पांच शिक्षक शामिल हैं। जिसमें जोरा, सलौनीकला, मधाईभांठा, बरमकेला और छर्रा शामिल हैं।



### 27 टन अवैध कबाड़ के साथ दो ट्रक पकड़े 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जामगांव क्षेत्र में दो 6 चक्का माजदा वाहनों से करीब 27 टन लोहे और टिना का स्क्रैप जब्त किया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रायगढ़ की ओर से दो वाहनों में भारी मात्रा में कबाड़ ले जाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ने जामगांव के पास घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोका। जांच में एक वाहन से 12,780 किलो और दूसरे से 14,560 किलो स्क्रैप बरामद हुआ। जब्त स्क्रैप की कीमत करीब 6.80 लाख रुपए बताई गई हैए जबकि वाहनों सहित कुल जब्ती लगभग 16.80 लाख रुपए की है। आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम अरमान अहमद और रमजान खान निवासी उत्तरप्रदेश बताया।

# आईपीएल मैच में कर रहे थे सट्टेबाजी, 5 सटोरिए पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




पुलिस ने क्रिकेट सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर रेड कर करीब 2.70 लाख रुपए नकद, मोबाइल फोन और नोट गिनने की मशीन जब्त की है।

पहली कार्रवाई कोतरारोड़ बायपास स्थित एक ऑफिस में की गई, जहां साकेत सिंघानिया ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चलाते पकड़ा गया। उसके मोबाइल से ऑनलाइन बेटिंग और लेनदेन के डिजिटल साक्ष्य मिले। दूसरी कार्रवाई पुराना पंजाब नेशनल बैंक क्षेत्र में हुईए जहां रितेश डालमिया और उसके साथियों के नेटवर्क का खुलासा हुआ। पुलिस ने महिला आरोपी प्रियंका हलवाई और रौनक मोदनवाल को भी गिरफ्तार किया। वहीं तीसरी रेड रामभांठा क्षेत्र के किराए के मकान में हुई जहां प्रदीप पाण्डेय ऑनलाइन सट्टा चलाते पकड़ा गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

**धरमजयगढ के छाल वन परिक्षेत्र की घटना, जांच में जुटा वन अमला**

# डैम में मिला 6 माह के हाथी शावक का शव, डूबने से मौत की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



धरमजयगढ वन मंडल के छाल वन परिक्षेत्र अंतर्गत घोघरा डैम में शुक्रवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने एक हाथी शावक का शव देखा और इसकी सूचना क्षेत्रीय वन अमले को दी। जिसके बाद वन अमला मौके पर पहुंचा और शावक के शव को डैम से बाहर निकाला गया।

तत्पश्चात. शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम किया गया। वहीं सैंपल भी जांच के लिए बरेली और जबलपुर भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर शावक की मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा, हालांकि प्रथम दृष्टया पानी में डूबने से मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छाल वन परिक्षेत्र के अंतर्गत सिंझीझाप के समीप घोघरा डैम में शुक्रवार की सुबह कुछ ग्रामीण जो तेंदूपत्ता तोडने के लिए जंगल की ओर जा रहे थे, उन्होने डैम में हाथी शावक का शव देखा। जिसके बाद इस बात की जानकारी वन अमले को दी। सूचना मिलने के बाद डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय और उनकी टीम सहित 3 सदस्यीय चिकित्सकों का दल भी मौके पर पहुंच।। जिसके बाद शव को डैम से निकाला गया, शव का पंचनामा करने के बाद चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम किया। प्रथम दृष्टया शव को किसी तरह के संघर्ष के निशान नजर नहीं आए।

ऐसे में वन अमले को आशंका है कि इस शावक की मौत गहरे पानी मे डूबने की वजह से हुई होगी। हालांकि सैंपल एकत्र कर बरेली और जबलपुर भेजे गए हैं। जिसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही शावक की मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। इस संबंध में डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि शावक की उम्र करीब 6 माह थी। धरमजयगढ वन मंडल के इलाके में अलग-अलग हाथियों का दल विचरण कर रहा है, इस वक्त धरमजयगढ वन मंडल में करीब 112 हाथी विचरण कर रहे हैं।

# पानी की तलाश में भटककर गांव पहुंचा कोटरी, कुत्तों ने किया हमला, जंगल में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में भीषण गर्मी और जंगल में पानी की कमी का असर अब वन्यजीवों पर साफ दिखाई देने लगा है। पानी की तलाश में भटककर एक कोटरी गांव तक पहुंच गया, जहां आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद वन विभाग ने उसका इलाज कर जंगल में छोड़ा, लेकिन कुछ घंटों बाद उसकी मौत हो गई।

यह घटना रायगढ़ वन परिक्षेत्र के चिराईपानी इलाके की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बुधवार को जंगल से भटककर एक कोटरी गांव की ओर आ गया था। इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। जान बचाने के लिए डरा-सहमा कोटरी गांव निवासी मनोज डनसेना के घर के आंगन में घुस गया, लेकिन कुत्ते लगातार उसका पीछा करते रहे। घर के बाहर शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों की मदद से कुत्तों को भगाया। ग्रामीणों ने देखा कि कोटरी के पिछले पैरों में गंभीर चोट लगी थी और वह भय के कारण बुरी तरह कांप रहा था। इसके बाद घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल वन्यप्राणी को अपने कब्जे में लेकर पशु चिकित्सक से उसका इलाज कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे देलारी जंगल में छोड़ दिया गया। वन अमला की टीम उसकी निगरानी भी कर रही थी।हालांकि शाम के समय निरीक्षण के दौरान कोटरी एक ही स्थान पर बैठा मिला। जब टीम ने पास जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद मृत कोटरी को इंदिरा विहार लाया गया। रात होने के कारण शव को सुरक्षित रखा गया और अगले दिन पशु चिकित्सकों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। बाद में वन विभाग ने नियमानुसार उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी बढ़ने और जलस्त्रोत सूखने के कारण वन्यजीव आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आने लगे हैं। ऐसे में लोगों से वन्यप्राणियों को नुकसान न पहुंचाने और तुरंत विभाग को सूचना देने की अपील की गई है।

# उद्योगों में सुरक्षा कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में लगातार हो रहे औद्योगिक दुर्घटनाओं के मद्देनजर जिंदल एसएसडी प्लांट, पूंजीपथरा में एक दिवसीय सुरक्षा कार्यशाला औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित की गई। इस दौरान सुरक्षित कार्यपद्धति और मानक संचालन पद्धति पर जोर दिया गया। इस कार्यशाला में 12 से अधिक उद्योग प्रबंधन शामिल हुए।

इस संबंध में उप संचालक,औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग राहुल पटेल ने बताया कि इस कार्यशाला में जिंदल स्टील लिमिटेड, एनआर टीएमटी, माशिवा स्टील, आरएस इस्पात और नर्मदा आयरन जैसे उद्योग शामिल थे। सुनील इस्पात, बालाजी इस्पात, वीए पावर, ओरियन फेरो और सद्गुरु इस्पात के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। राधेगोविंद स्टील, वेजरॉन, एआर इस्पात और तिरुमला बालाजी के अधिकारी भी कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला में कार्यस्थल पर प्रशिक्षण जैसे विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। कारखाना प्रबंधकों को मशीनों की समय-समय पर जांच कराने की हिदायत मिली। उन्हें समय-समय पर मॉक ड्रिल करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

इस दौरान सभी कारखाना प्रबंधकों ने 'जीरो हार्म' की अवधारणा प्राप्त करने का संकल्प लिया। इसके लिए पर्याप्त उपाय करने पर सहमति बनी। उप संचालक श्री पटेल ने कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

**तमनार के ग्राम गारे का मामला, गारे 4/6 माइंस के सामने धरने पर बैठे**

# तेंदूपत्ता संग्रहण पर संकट, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कई तरह की शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिलने और तेंदूपत्ता संग्रहण बंद होने से ग्राम पंचायत गारे के ग्रामीणों ने गारे पेलमा 4/6 माइंस के सामने एकत्र होकर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। इस धरना प्रदर्शन की वजह से इस मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। अपनी मांगों को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि माइंस शुरू होने के बाद जंगल क्षेत्र प्रभावित हो गया है, जिसके कारण वे पहले की तरह तेंदूपत्ता संग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। इससे उनकी आय का एक बड़ा स्रोत बंद हो गया है और कई परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित हो रहे हैं। शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे शुरू हुए प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग उठाई। उनका कहना था कि वर्षों से गांव के लोग तेंदूपत्ता तोड़कर अपनी आजीविका चलाते थे, लेकिन खनन गतिविधियों के कारण यह व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

आंदोलन की सूचना मिलते ही पुलिस, वन विभाग और कंपनी प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और लिखित आवेदन लेने के साथ समाधान का भरोसा दिया। इसके बाद करीब 6 घंटे तक चले प्रदर्शन को दोपहर लगभग 12 बजे समाप्त कर दिया गया।गांव के सरपंच रवि शंकर सिदार ने बताया कि तेंदूपत्ता योजना से वंचित होने के कारण ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग की गई है।अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए आवेदन को उच्च अधिकारियों और जिला यूनियन तक भेजा जाएगा। आगे की कार्रवाई वरिष्ठ स्तर से मिले निर्देशों के आधार पर की जाएगी।



खबर संक्षेप



## हर दिन खुले राशन दुकान, पार्षद ने की मांग

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत पवनी में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग इस शिविर में शामिल हुए और अपनी अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया कई समस्याओं का त्वरित निराकरण भी किया गया । वही नगर पंचायत पवनी के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद करन साहू के द्वारा जिला खाद्य विभाग के अधिकारियों को महिलाओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर में संचालित सभी सरकारी राशन दुकानों को माह में प्रतिदिन खोलने और राशन दुकानों की संख्या में वृद्धि के साथ ही प्रति माह शक्कर का भी वितरण करने की मांग की ताकि महिलाओं को सुविधा मिल सके बता दें कि नगर में तीन सरकारी राशन दुकान संचालित है। संचालकों के द्वारा बीच.बीच में राशन दुकान खोलकर ओटीपी और फिंगर लेकर राशन कार्ड वितरण किया जाता है ऐसे में महिलाओं की भीड़ काफी संख्या में हो जाती है जहां पर वाद विवाद की स्थिति भी देखने को मिलती है और महिलाओं को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है 4 से 5 दिन में अपने बारी का इंतजार करना पड़ता है यही सब समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत पवनी के पार्षद करण साहू ने समस्या को ध्यान में रखते हुए खाद्य विभाग से आए सहायक खाद्य अधिकारी अमित शुक्ला को आवेदन देकर इस समस्या को समाधान करने की मांग की।

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

# सामूहिक विवाह सादगी और दहेज प्रथा के खिलाफ है सशक्त संदेश : ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने शुक्रवार को रायगढ़ के पटेलपाली कृषि उपज मंडी में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 150 नव दाम्पत्य जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। पूरे आयोजन में सामाजिक समरसता, सादगी, संस्कार और पारिवारिक सौहार्द का भाव देखने को मिला।

जिले में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के तहत रायगढ़ में 45, खरसिया विकासखंड में 15, बंजारी धाम खरसिया में 30, लैलूंगा विकासखंड में 30 तथा धरमजयगढ़ में 30 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। सभी आयोजन स्थलों पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आकर्षक और व्यवस्थित तैयारियां की गई थीं। विवाह मंडपों को पारंपरिक सजावट से सजाया गया था तथा वर.वधू एवं उनके परिजनों के लिए आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। मुख्य आयोजन में पहुंचे प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना केवल विवाह कराने की योजना नहीं है, बल्कि यह समाज में समानताए सादगी और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देने वाला एक बड़ा अभियान है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ प्रभावी संदेश देते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराने के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। शासन की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी परिवार को आर्थिक अभाव के कारण बेटी के विवाह में कठिनाई का सामना न करना पड़े। अपने संबोधन में वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सरकार की पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा अब व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के लिए 50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की जाती है, जिसमें से 35 हजार रुपए सीधे हितग्राही के बैंक खाते में डीबीटी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से भेजे जा रहे हैं, ताकि बिचौलियों की कोई गुंजाइश न रहे और वास्तविक हितग्राही को पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि शेष राशि वर.वधू के परिधान, आवश्यक सामग्री तथा विवाह आयोजन की व्यवस्थाओं पर व्यय की जाती है। राज्य सरकार की यह पहल योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने इस अवसर पर राज्य शासन की महत्वाकांक्षी श्रानी दुर्गावती योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सरकार बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ कर रही है।

### 95 जोड़ों ने किया सामूहिक विवाह

**कोसीर।** सारंगढ़ मंडी प्रागण मे आज बडे ही उत्साह के साथ जिला प्रशासन की अगूवाई मे मूख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का सफल पूर्ण कियान्यन सम्पन्न हूआ जिसमे लगभग 95 नवदम्पति ने भाग लेकर नव जीवन एक साथ जीने के लिए एक धागे मे बंधे सभी ने रीति रिवाज के साथ सात फेरे लेते हुए आशीर्वाद लिऐ कार्य क्रम बेहतर तरीके के साथ संपन्न हुआ जिला प्रशासन की बेहतर वयवस्था से काफी संतुष्ट हुए इस विशेष कार्य क्रम मे सारंगढ प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल पूर्व विधायक कामदा जोल्हे केराबाई शमशेर सिंह सुभाष जलान सहित भाजपा वरिष्ठ गण वही प्रशानिक टीम मे जिला क्लेक्टर एवं अधिकारी गण एवं आगनबाड़ी कार्य क्रता की उपस्थिति काफी रही। वही 95 लोगों की एक साथ विवाह होने से कार्यक्रम स्थल मे काफी भीड दिखाई दी।

## 550 पंचायतों में मनाया गया रोजगार और आवास दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले की 550 ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव के साथ रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा से संबंधित लंबित समस्याओं का पंचायतए विकासखंड एवं जिला स्तर पर शत.प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करना रहा। आवास दिवस के अवसर पर आयोजित ग्राम सभाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण सहित विभिन्न आवास योजनाओं के तहत स्वीकृत सभी आवासों को अधिकतम 90 दिनों के भीतर पूर्ण कराने हेतु विस्तृत कार्ययोजना साझा की गई। हितग्राहियों को उनके बैंक खातों में हस्तांतरित राशि की जानकारी दी गई तथा निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।




## सुशासन तिहार के तहत लगा जनसमस्या निवारण शिविर

**सरसींवा।** गुरुवार को नगर पंचायत सरसींवा में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जहां आम नागरिक अपनी वर्षों पुरानी समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ प्रशासन के समक्ष पहुंचे। नगर पंचायत परिसर में आयोजित इस शिविर में लगभग 25 विभागों के अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे। राजस्व, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, पेंशन, राशन कार्ड, आवास, सड़क, नाली, सामाजिक सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों को लेकर नागरिकों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। शिविर में 200 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश आवेदन स्थानीय समस्याओं एवं बुनियादी सुविधाओं से संबंधित रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत सरसींवा की अध्यक्ष गुलेचन बंजारे सहित नगरपंचायत के पार्षदगण एक्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण सहित



विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कई विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ करते देखा गया, जिससे लोगों में संतोष और विश्वास का माहौल नजर आया। शिविर केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं दिखाए बल्कि यह प्रशासन और आम जनता के बीच सीधे संवाद का ऐसा माध्यम बनाए जहां लोगों को अपनी बात रखने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े।

## शिविर में हो रहा श्रमिकों का पंजीयन

**रायगढ़।** निर्माण श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं के तहत जिले में श्रमिक पंजीयन अभियान को गति दी जा रही है। श्रम विभाग द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से पात्र निर्माण श्रमिकों को पंजीयन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में राजमिस्त्री, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, पेंटर सहित निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिकों का प्राथमिकता के आधार पर पंजीयन एवं नवीनीकरण किया जा रहा है।







नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)

फोन : 07752-401052, मो. 7000789166